कार्यक्रम | दो माह तक हर सप्ताहांत होगा अध्ययन

# तत्वबोध अध्ययन कार्यक्रम का शुभारंभ, बड़ी संख्या में पहुंचे जिज्ञासु






**नवभारत, जबलपुर।** शहर में आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चिन्मय विद्यापीठ द्वारा आयोजित 'तत्वबोध' अध्ययन कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को धूमधाम के साथ हुआ। स्वामी चिन्मयानंद की जयंती के अवसर पर शुरू हुए इस कार्यक्रम में शहर के बड़ी संख्या में जिज्ञासुओं ने भाग लिया। दशमेश द्वार स्थित श्री राम मंदिर, मदन महल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में आदि शंकराचार्य द्वारा रचित ग्रंथ 'तत्वबोध' के अध्ययन की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर वेदांत के मूल सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

### ईश्वर से संबंध के बारे में बताया गया

इस अवसर पर हितेश चैतन्य (डॉ. राजेश कुमार पाण्डेय) ने उपस्थित लोगों को 'अहं', 'जगत की रचना' और ईश्वर से संबंध जैसे विषयों की प्रारंभिक जानकारी दी गई उन्होंने बताया कि यह अध्ययन क्रम लगभग दो माह तक चलेगा, जिसमें प्रत्येक शनिवार और रविवार को नियमित कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे आध्यात्मिक ज्ञान को समझने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से इस अध्ययन से जुड़ने का आह्वान किया है।



### इनका कहना है



जबलपुर में आध्यात्मिक पढ़ाई का नया सिलसिला शुरू हो चुका है। तत्वबोध के जरिए लोगों को वेदांत की जानकारी दी जा रही है।

**मनीषा गुलाटी**



इस कार्यक्रम की खास बात यह रही कि वेदांत जैसे विषय को सरल भाषा में समझाता है। हर उम्र के लोग इसमें आसानी से जुड़ जाते हैं।

**पिंकी कोहली**



भक्ति में मन को शांति और नई सीख मिलती है। हम सभी को इस मार्ग पर चलना चाहिए।

**अतुल तिवारी**




इसमें आध्यात्मिक ज्ञान के साथ जीवन से जुड़ी योग्य बातें भी बताई गई जिससे लोगों को व्यावहारिक लाभ मिल सके।

**गरिमा तिवारी**

# मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता शिविर आयोजित

**नवभारत, जबलपुर ।** विगत शुक्रवार 8 मई की दोपहर को ज्ञानगंगा में एक मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमआयोजित किया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्रों को तनाव, स्वस्थ मुकाबला करने की तकनीक और प्रभावीसमय प्रबंधन कौशल के प्रति जागरूक करना था, जो मानसिक स्वास्थ्य और शैक्षणिक संतुलन बनाए रखने केलिए आवश्यक हैं। यह कार्यक्रम शहर की प्रमुख सलाहकार मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अंकिता साहू और रायपुर कीक्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. ईला गुप्ता द्वारा संचालित किया गया। उनके संवादात्मक सत्र ने छात्रों कोमानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियों पर खुलकर चर्चा करने और तनाव प्रबंधन के व्यावहारिक तरीकों को अपनाने केलिए प्रोत्साहित किया। इस आयोजन को रोटरी क्लब के सदस्यों द्वारा प्रायोजित किया गया था। कार्यक्रम मेंरोटरी की विभिन्न शाखाओं के अध्यक्षों (रोटरी क्लब ऑफ एक्सीलेंस के अध्यक्ष अशोक साहू) और जिला गवर्नर(अमित जायसवाल) की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनकी भागीदारी ने शैक्षणिक संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्यजागरूकता के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया।



### एक नजर में




## अक्षय सिंह ठाकुर को मिला 'कला साधक सम्मान'

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर एवं मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है कि युवा रंगकर्मी अक्षय सिंह ठाकुर को 'भाव 2026' के अंतर्गत आयोजित भव्य समारोह में प्रतिष्ठित 'कला साधक सम्मान' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग, इंटरनेशनल सेंटर, बेंगलोर में वर्ल्ड फोरम फॉर आर्ट एंड कल्चर द्वारा आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर आध्यात्मिक गुरु रविशंकर एवं गवर्नर अजय कुमार भल्ला द्वारा अक्षय सिंह ठाकुर को सम्मानित किया गया। अक्षय को यह सम्मान भारतीय रंगमंच के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान, सामाजिक सरोकारों से जुड़े नाट्य कार्यों तथा एक समर्पित थिएटर प्रैक्टिशनर के रूप में निरंतर सक्रिय भूमिका के लिए प्रदान किया गया है। 9 मई को रंगाभरण थिएटर द्वारा प्रसिद्ध साहित्यकार विजयदान देथा की कहानी 'ठाकुर का रूठना' पर आधारित बहुचर्चित नाटक 'स्वांग - जस की तस' का मंचन आर्ट ऑफ लिविंग के इंटरनेशनल आश्रम में किया जाएगा। इस नाटक का लेखन एवं निर्देशन अक्षय सिंह ठाकुर ने किया है।

## वार्षिक नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**नवभारत,जबलपुर।** म.प्र. शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देश पर नगर निगम ने शहर के नागरिकों को अपने पुराने बकाया करों का निपटारा करने का एक सुनहरा अवसर दिया है। आज 9 मई दिन शनिवार को आयोजित होने वाली वार्षिक नेशनल लोक अदालत में शासन द्वारा नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 162 व 163 में निहित शक्तियों को उपोग करते हुए संपत्ति कर और जलकर के सरचार्ज (अधिभार) पर भारी छूट करदाताओं को दी जायेगी। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि यह छूट वित्तीय वर्ष 2025-26 में वन टाइम सेटलमेंट के तहत केवल एक बार के लिए दी जा रही है। निगमायुक्त ने बताया कि वार्षिक नेशनल लोक अदालत में सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट, 50 हजार रूपये से अधिक तथा 1 लाख रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट, 1 लाख रूपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। साथ ही उन्होंने बताया कि जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार रूपये तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट, राशि 10 हजार रूपये से अधिक तथा 50 हजार रूपये से कम बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट, राशि 50 हजार रूपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी।




## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को किया गया सम्मानित

**नवभारत,जबलपुर।** शासकीय एम.एच. गृह विज्ञान एवं विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर में रेड क्रॉस सोसायटी दिवस के अवसर पर यूनाइटेड फॉर हयुमैनिटी थीम आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स की रैंक सेरेमनी भी संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की कार्यकारिणी समिति के सदस्य आदरणीय डॉ. सुनील कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ला द्वारा की गई। मंच पर मानव विकास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आभा तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स की रैंक सेरेमनी भी आयोजित की गई, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को रैंक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ला ने एनसीसी कैडेट्स को अनुशासन, एकता एवं मानवता की भावना बनाए रखते हुए जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं मानव विकास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आभा तिवारी ने रेड क्रॉस सोसायटी की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर रसायन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. किरण सिंह, हॉस्टल वार्डन डॉ. शुभा सिंह, डॉ. रश्मि पटेल, डॉ. राजकुमार गौतम, डॉ. अर्जुन शुक्ला, स्वाति सिंह एवं रंजना सिंह सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन भौतिकी विभाग की सहायक प्राध्यापक एवं नव नियुक्त एनसीसी सीटीओ पूजा सिंह राज द्वारा किया गया।

# कचहरी दरगाह में आज से शुरू होगा 5 दिवसीय उर्स

▸ महफिल-ए-मिलाद, शाही संदल और सूफियाना कव्वाली से सजेगा आयोजन



**नवभारत,जबलपुर।** हाईकोर्ट के सामने स्थित हजरत सैय्यद ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला अलेह, कचहरी वाले बाबा की दरगाह में शनिवार से 5 दिवसीय उर्स का आयोजन शुरू हो रहा है। दरगाह परिसर में होने वाले इस उर्स को लेकर अकीदतमंदों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

सज्जादानशीन बाबर खां बंदानवाजी एवं खादिम-ए-आला चंगेज खान अशरफी ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 मई को रात्रि 9 बजे दरगाह में महफिल-ए-मिलाद शरीफ के साथ उर्स का आगाज़ किया जाएगा। इस अवसर पर सुल्तानुल वायजीन मौलाना सैय्यद हुसैन रब्बानी वाज व तकरीर पेश करेंगे।दरगाह को कौमी एकता और सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक माना जाता है। यहां हर धर्म और समुदाय के लोग बड़ी संख्या में पहुंचकर अकीदत के फूल पेश करते हैं। उर्स के दौरान हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई समाज के लोग एक साथ नजर आते हैं, जो आपसी भाईचारे और गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल पेश करता है। उर्स के तहत रविवार को अपरान्ह 3 बजे नया मोहल्ला स्थित मरहूम चाँद खां के मकान से पारंपरिक शाही संदल जुलूस निकाला जाएगा, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए दरगाह पहुंचेगा।इसके अलावा 11 मई को जनाब रफीक आफताब साबरी ( दिल्ली) रात्रि 9 बजे से अपनी कव्वाली पेश करेंगे, जबकि 12 मई को जनाब नुसरत कादरी (कपासन राजस्थान) सूफियाना कव्वाली से महफिल को रौनक बख्शेंगे।

## माता मरियम अनुग्रह और कृपा से परिपूर्ण हैं : फादर बेंजामिन

**नवभारत,जबलपुर।** सेंट थॉमस स्कूल परिसर स्थित फातिमा की माता मरियम के तीर्थस्थल में वार्षिक भक्ति के अंतर्गत शुक्रवार को नौदिवसीय प्रार्थना का पांचवां दिन रहा। इस पावन खीस्तयाग के मुख्य याजक जबलपुर धर्मप्रान्त के पुरोहित फादर बेंजामिन ने भक्तजनों की उपस्थिति में पावन खीस्तयाग अर्पित करते हुए कहा कि जो माता मरियम की मध्यस्थता से प्रार्थना करता है,उसे ईश्वर प्यार करते है क्योंकि प्रभु यीशु अपनी माता को प्यार करते हैं। हम सभी धन्य हैं कि हमें माता मरियम प्रभु यीशु के द्वारा सौंपी गई माता है। हमें उनका अनुकरण करना है। संबोधन एक प्रकार की विशेषता को प्रकट करता है जैसे माता मरियम को स्वर्गदूत गैब्रिएल का संबोधन परम पिता ईश्वर का माता मरियम को सबसे बड़ा सम्मान है।



## फ्लाईओवर के बेहतर रखरखाव के लिए उठाई आवाज

**नवभारत,जबलपुर।** फ्लाईओवर से नीचे गिरे कांक्रीट मटेरियल के संबंध में नेता प्रतिपक्ष ने अपने साथियों के साथ मिलकर शिवेंद्र सिंह, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी को एक ज्ञापन सौंपा और मांग की कि सबसे बड़े फ्लाईओवर में ब्यूव कटर लगाये जायें और फ्लाईओवर का उचित रख-रखाव का ध्यान रखा जाए जिससे आमजन सुरक्षित होकर आवागमन कर सके। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने कहा कि जबलपुर शहर में प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाईओवर को आरंभ हुये सालभर ही हुये हैं और इसमें मदनमहल के पास के हिस्से में कांक्रीट मटेरियल नीचे गिरा जिससे गंभीर घटना घटित होने से बच गई क्योंकि जिस समय उक्त कांक्रीट मटेरियल नीचे गिरा उक्त स्थल पर कोई आमजन आवागमन करते नहीं निकल रहा था । फ्लाईओवर के उपर के हिस्से में सुरक्षा के उपाय भी नहीं किये गये हैं।




## डॉ. कैलाश जाटव का शहर में जगह-जगह किया गया स्वागत

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने पर डॉक्टर कैलाश जाटव का संस्कारधानी में आगमन हुआ। जिसके चलते जगह-जगह उनका स्वागत किया गया।

इसी श्रृंखला में ओमती के पास लगा मंच मे मुस्लिम समुदाय के लोग एवं व्यापारियों ने डॉक्टर कैलाश जाटव का शॉल श्रीफल मोमेंटो देकर एवं मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया एवं कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी भी की। इस मौके पर डॉ कैलाश जाटव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान काशिम कुरैशी, संजू बाबा, अल्ताफ, निराले उपस्थित रहे।

# किशोरवय बच्चों को भावनाएं व्यक्त करने का दें पूरा अवसर : डॉ. ईला गुप्ता

▸ 'मेंटल वेलनेस सेमिनार में छात्रों और शिक्षकों को मिला मार्गदर्शन



**नवभारत,जबलपुर।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे अमित-पल्लवी जायसवाल की दूरदर्शी सोच एवं 'उत्कृष्ट भारत के निर्माण में सहयोगी युवापीढ़ी , भविष्य के श्रेष्ठ रोटेरियन' तैयार करने के संकल्प को साकार करने के लिए विद्यार्थियों के मानसिक विकास एवं उज्वल भविष्य निर्माण की दिशा में विशेष मेंटल वेलनेस सेमिनार सम्पूर्ण डिस्ट्रिक्ट 3261 में आयोजित किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 की प्रीवेंशन कमेटी के तत्वावधान में पैरेंट्स एवं टीचर्स के लिए एक विशेष मानसिक स्वास्थ्य एवं जागरूकता सेमिनार का आयोजन जबलपुर के ज्ञानगंगा कॉलेज के एमबीए सेमिनार हॉल में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता मध्य भारत की प्रसिद्ध काउंसलर एवं वरिष्ठ साइकोलॉजिस्ट डॉ. ईला गुप्ता ने कहा कि किशोरावस्था बच्चों के जीवन का अत्यंत संवेदनशील दौर होता है। इस दौरान बच्चे शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक परिवर्तनों से गुजरते हैं, जिन्हें वे कई बार स्वयं भी समझ नहीं पाते। ऐसे समय में अभिभावकों एवं शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। इस मौके पर डॉ. गुप्ता ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को अपनी भावनाएं खुलकर व्यक्त करने का अवसर दें तथा उनकी बातों को धैर्यपूर्वक सुनें।


### विद्यार्थियों को दी गई अहम जानकारियां

कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी रोटे नितिन जैन, डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन मीडिया द्वारा बताया गया कि रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर संस्कारधानी एवं जबलपुर के समस्त रोटरी क्लबों के संयुक्त प्रयासों से विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी एवं मार्गदर्शक सत्र आयोजित हुआ। सेमिनार में विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, तनाव प्रबंधन एवं बेहतर कैरियर मार्गदर्शन विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर रोटरी क्लब संस्कारधानी के अध्यक्ष रोटे अरुण गुप्ता, सचिव रोटे अभिषेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रोटे अनिल अग्रवाल, रोटे अंजुल जैन, रोटे सुनील जसवानी, मनीष बजाज, यश आहूजा, मिताली बैनर्जी सहित जबलपुर के समस्त रोटरी क्लबों के पदाधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति एवं सहयोग रहा। आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में ज्ञानगंगा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के निदेशक रजनीत जैन, पंकज जैन एवं अपूर्व सिंघई का विशेष सहयोग रहा।

विश्व थैलेसीमिया दिवस | जिला चिकित्सालय विक्टोरिया में विविध जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित

# पोस्टर, नुक्कड़ नाटक के जरिए फैलाई गई जागरूकता






**नवभारत,जबलपुर।** विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय विक्टोरिया, जबलपुर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नवीन कोठारी के मार्गदर्शन में जागरूकता एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य थैलेसीमिया की रोकथाम, समय पर जांच, उचित उपचार एवं स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति समाज को जागरूक करना था। इस वर्ष विश्व थैलेसीमिया दिवस 2026 की थीम 'अब छिपें नहीं: बिना पहचान वाले मरीजों की खोज और अनदेखे लोगों को सहयोग' थी। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं नर्सिंग छात्राओं द्वारा प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों की समस्याओं, उनके संघर्ष तथा समाज की जिम्मेदारियों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया।

### बच्चों को वितरित किए गए उपहार

कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्यारे बच्चों एवं उनके परिवारों के साहस, मुस्कान और संघर्षशीलता को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जो समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। कार्यक्रम में बच्चों को उत्साहवर्धन के लिए उपहार भी वितरित किए गए। थैलेसीमिया की जन जागरूकता के लिए नर्सिंग छात्राओं द्वारा एक रैली भी निकाली गई जिसमें स्वास्थ्य अधिकारीगण तथा अस्पताल स्टाफ भी शरीक हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन डॉ. नवीन कोठारी, नोडल अधिकारी हीमोग्लोबिनोपैथी डॉ के. के. वर्मा, डॉ. संजय जैन, अस्पताल प्रबंधक अरुण शाह, डॉ. विकास, पाथ संगठन से रोहित, क्वालिटी सेल से विनीता सोनी, मैट्रन ए. सिंह, सिस्टर इंचार्ज सोसन अली, विकास श्रीवास्तव, रानी दुर्गावती नर्सिंग कॉलेज की नर्सिंग छात्राएं एवं उनके मेंटर्स की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम का समापन थैलेसीमिया मुक्त एवं जागरूक समाज के निर्माण के लिए सामूहिक संकल्प के साथ किया गया।

### ज्ञान गंगा कॉलेज में आयोजित किया गया जागरूकता कार्यक्रम




सक्षम महाकोशल प्रांत एवं विशुद्ध हेल्थकेयर जन सेवा समिति द्वारा विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर ज्ञान गंगा कॉलेज, के फार्मेसी विभाग जबलपुर में जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 90 विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। ज्ञान गंगा कॉलेज परिवार द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आत्मीय स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर आभा एवं ममता द्वारा सक्षम गीत गाया गया ,एवं सह सचिव अक्षय सोनी द्वारा सक्षम परिचय दिया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नवीन कोठारी सीएमएचओने थैलेसीमिया जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. आशीष गुप्ता (अध्यक्ष, सक्षम महाकोशल प्रांत) ने थैलेसीमिया रोग, उसके कारण, बचाव एवं आवश्यक सावधानियों के संबंध में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। वहीं डॉ. अंकित सेठ (प्राणदा प्रकोष्ठ प्रमुख, सक्षम महाकोशल प्रांत) ने रक्तदान के महत्व एवं विवाह पूर्व दंपत्तियों में एच बी इलेक्ट्रोफ़ोरोसिस/एच पी एल सी टेस्ट, सुगर ,ब्लड ग्रुप ,आर एच फैक्टर मैचिंग की जागरूकता पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मेघा वर्मा, प्राचार्य, फार्मेसी विभाग, ज्ञान गंगा कॉलेज द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।